# जल निगम का नया नाम होगा 'एमपी वाटर एंड सेनिटेशन कार्पोरेशन'

## संचालक मंडल की बैठक में नाम बदलने का प्रस्ताव मंत्रि-परिषद को भेजने की मंजूरी

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में बुधवार को मुख्यमंत्री निवास समत्व भवन में मध्यप्रदेश जल निगम के संचालक मंडल की 26वीं बैठक हुई। बैठक में वर्तमान मध्यप्रदेश जल निगम मर्यादित (एमपीजेएनएम) का पुनर्गठन कर मध्यप्रदेश वाटर एंड सेनिटेशन कार्पोरेशन (एमपी-वास्को) बनाने का प्रस्ताव पारित किया गया। संचालक मंडल ने प्रस्ताव को अंतिम अनुमोदन के लिए मंत्रि-परिषद को भेजने की मंजूरी दी।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एमपी-वास्को नए नाम और नई जिम्मेदारियों के साथ प्रदेश में जल विकास एवं स्वच्छता प्रबंधन से जुड़े कार्यों को नए लक्ष्यों और अतिरिक्त संसाधनों के साथ आगे बढ़ाएगा। बैठक में जल निगम के विभिन्न एजेंडा प्रस्तावों को भी मंजूरी दी गई। मुख्यमंत्री ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए तैयार संचालक मंडल के प्रतिवेदन और वित्तीय वर्ष 2024-25 के अनअंकेक्षित वार्षिक लेखों का अनुमोदन किया। कैप्टिव मोड के तहत 60 मेगावाट ग्रिड-कनेक्टेड पवन ऊर्जा परियोजना विकसित करने के लिए गठित परियोजना कंपनी में जल निगम के प्रतिनिधित्व के लिए प्रबंध संचालक को अधिकृत किया गया। परियोजना कंपनी में 26 प्रतिशत इक्विटी शेयर रखने को भी मंजूरी दी गई।

जल निगम के इक्विटी शेयरों के नए पदाधिकारियों को हस्तांतरण तथा वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 57 करोड़ रुपये के बजट अनुमान का अनुमोदन किया गया। संचालक मंडल में स्वतंत्र निदेशक के पद पर श्री सुमित बोस की पुनर्नियुक्ति को भी मंजूरी मिली। बैठक में एमडी की टेंडर मंजूरी सीमा 5 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 25 करोड़ रुपये करने के प्रस्ताव को भी अनुमोदन दिया गया।

## राष्ट्रीय कलचुरी एकता महासंघ की पिपरिया में बैठक

**नप्र, भोपाल :** राष्ट्रीय कलचुरी एकता महासंघ के तत्वावधान में रविवार 20 सितंबर को पिपरिया के एमएनआर रिसोर्ट, सांडिया रोड पर महत्वपूर्ण बैठक एवं कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगा। इसमें पिपरिया के वरिष्ठ कलचुरी समाजजनों का अभिनंदन, महासंघ के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह तथा देशभर से आए अतिथियों के उद्बोधन होंगे। कार्यक्रम में बाल विदुषी एवं कलचुरी समाज गौरव सुश्री राधिका किशोरी का सानिध्य भी रहेगा। दोपहर 3 बजे तक कार्यक्रम के बाद भोजन होगा। इसके बाद दोपहर 3:30 से शाम 6 बजे तक भगवान सहस्त्रबाहु पर आधारित फिल्म 'जय महिष्मति' का प्रदर्शन किया जाएगा।

# अतिथि विद्वानों ने रोका शिवराज का काफिला, आश्वासन की दिलाई याद

▶▶ **नियमितीकरण और फॉलन आउट प्रक्रिया बंद करने की मांग, पूर्व मुख्यमंत्री बोले- बात आगे पहुंचाऊंगा**

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्य प्रदेश के अतिथि विद्वानों ने बुधवार सुबह उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार के बंगले के सामने केंद्रीय कृषि मंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का काफिला रोककर अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

अतिथि विद्वानों ने उन्हें 11 सितंबर 2023 के आश्वासन की याद दिलाते हुए फॉलन आउट प्रक्रिया बंद करने और भविष्य सुरक्षित करने की मांग रखी। अतिथि विद्वान मंगलवार से उच्च शिक्षा मंत्री के भोपाल स्थित बंगले के बाहर धरने पर बैठे हैं। बुधवार सुबह करीब 200 अतिथि विद्वानों ने शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात कर अपनी समस्याएं बताईं। उन्होंने कहा कि वर्षों से सेवा दे रहे अतिथि विद्वानों के भविष्य की सुरक्षा के लिए नियमितीकरण और स्थायित्व को लेकर नीति बनने तक फॉलन आउट प्रक्रिया रोकी जाए।

श्री चौहान ने कहा कि एक मुख्यमंत्री की घोषणा दूसरे मुख्यमंत्री को पूरी करनी चाहिए। उन्होंने अतिथि विद्वानों को उनकी बात आगे पहुंचाने का आश्वासन दिया। अतिथि विद्वानों ने कहा कि सरकार की ओर से पहले भी स्थायित्व नीति बनाने की बात कही गई थी, लेकिन अभी तक ठोस निर्णय नहीं हुआ है। इससे पहले उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने अतिथि विद्वानों के चार प्रतिनिधियों से चर्चा की थी। हालांकि, उन्होंने फॉलन आउट प्रक्रिया बंद करने की मांग पर सहमति नहीं जताई। अतिथि विद्वानों के मांग पत्र में 10 जुलाई 2026 को आयोजित सम्मेलन का भी उल्लेख किया गया है। इसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और उच्च शिक्षा मंत्री के सामने नियमितीकरण और स्थायित्व नीति बनाने को लेकर चर्चा हुई थी। अतिथि विद्वानों ने 28 अगस्त को मुख्यमंत्री आवास पहुंचकर अपनी मांगों को लेकर राखी बांधने का भी जिक्र किया। अतिथि विद्वानों की मुख्य मांग है कि नियमितीकरण और स्थायित्व नीति के लिए समय सीमा तय की जाए तथा नीति लागू होने तक फॉलन आउट प्रक्रिया बंद रखी जाए।

# जुए के अड्डे पर दबिश के बाद कोतवाली टीआई समेत तीन पुलिसकर्मी निलंबित

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी के चौक बाजार क्षेत्र में जुए के अड्डे पर कार्रवाई के बाद कोतवाली थाना प्रभारी प्रभात गौड़ समेत तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। उनके साथ बीट प्रभारी एएसआई राकेश गुर्जर और माइक्रो बीट प्रभारी आरक्षक नरेंद्र रावत पर भी कार्रवाई की गई है। तीनों को लाइन अटैच कर निलंबित किया गया है।

यह कार्रवाई एसीपी कोतवाली संतोष पटेल की टीम द्वारा चौक बाजार क्षेत्र में जुए के अड्डे पर की गई दबिश के बाद हुई। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने दर्जनभर से अधिक जुआरियों को पकड़ा था। मौके से करीब सवा दो लाख रुपये भी जब्त किए गए।

दबिश के बाद पुलिस अधिकारियों ने जुए के अड्डे के संचालन और स्थानीय पुलिस की भूमिका की जानकारी जुटाई। जांच में सामने आया कि क्षेत्र में जुआ संचालित होने की जानकारी होने के बावजूद उसे रोकने के लिए प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। जुआ बंद कराने को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों की ओर से पहले भी निर्देश दिए गए थे, लेकिन थाना स्तर पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने की बात सामने आई। जांच के दौरान थाना प्रभारी प्रभात गौड़ पर जुआरियों को संरक्षण देने के आरोपों की भी पड़ताल की गई। इसके आधार पर डीसीपी जोन-3 आयुष गुप्ता ने थाना प्रभारी के साथ बीट और माइक्रो बीट स्तर के पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की। जुए के मामले में थाना स्तर के अधिकारियों पर यह दूसरी बड़ी कार्रवाई है। इससे पहले बजरिया थाना प्रभारी शिल्पा कौरव को भी निलंबित किया गया था। उन पर भी जुआरियों को संरक्षण देने के आरोप सामने आए थे। पुलिस अब जुए के अड्डे से जुड़े अन्य लोगों और लंबे समय से चल रही गतिविधियों की जानकारी जुटा रही है।

**धरना...**



जहरीली शराबकांड के विरोध में आम आदमी पार्टी ने बुधवार को राजधानी में धरना दिया।

# गिरवी संपत्ति सस्ते में दिलाने का झांसा देकर कारोबारी से 2.24 करोड़ की ठगी

▶▶ **नीलामी में प्रॉपर्टी दिलाने के नाम पर फाइनेंस कंपनी के खातों में जमा कराई रकम**

▶▶ **तीन अधिकारियों पर केस**

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** एमपी नगर क्षेत्र में गिरवी रखी संपत्ति को नीलामी में सस्ते दाम पर दिलाने का झांसा देकर कारोबारी से 2.24 करोड़ रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। आरोप है कि फाइनेंस कंपनी के अधिकारियों और उनके एजेंटों ने बिड प्रक्रिया के जरिए संपत्ति दिलाने की बात कहकर कारोबारी से कंपनी के खातों में रकम जमा करा ली। इसके बाद न तो संपत्ति की रजिस्ट्री कराई गई और न ही रकम लौटाई गई। शिकायत की जांच के बाद एमपी नगर पुलिस ने मंगलवार देर रात कंपनी के तीन अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक रिवेरा टाउन निवासी मनेंद्र प्रताप सिंह (45) ने लिखित शिकायत में बताया कि उन्हें पिरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस कंपनी की गिरवी रखी संपत्ति की नीलामी के बारे में कंपनी से जुड़े एजेंटों के माध्यम से जानकारी मिली थी। उन्हें बताया गया कि बिड प्रक्रिया में शामिल होकर संपत्ति सस्ते दाम पर हासिल की जा सकती है। संपत्ति खरीदने की उम्मीद में मनेंद्र ने कंपनी की ओर से बताए गए खातों में करीब 2.24 करोड़ रुपये जमा करा दिए। रकम जमा होने के बाद न तो संपत्ति की रजिस्ट्री कराई गई और न ही राशि वापस की गई। लंबे समय तक संपर्क के बावजूद समाधान नहीं होने पर उन्होंने पुलिस में शिकायत की। पुलिस ने जांच के दौरान रकम जमा होने, कंपनी से जुड़े लोगों की भूमिका और नीलामी प्रक्रिया से संबंधित तथ्यों की पड़ताल की। इसके बाद विश्वेश चंदेल, सुनील वैश्य और अभय के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया। तीनों आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस लेनदेन, नीलामी से जुड़े दस्तावेज और कंपनी के खातों की भी जांच कर रही है।

# सुपोषण अभियान में 1.08 लाख लोगों तक पहुंचा जागरूकता संदेश



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** सेवा भारती द्वारा 6 से 13 सितंबर तक आयोजित सुपोषण जागरूकता सप्ताह का समापन कार्यक्रम मानसरोवर डेंटल कॉलेज में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी के प्रति कुलाधिपति गौरव तिवारी मुख्य अतिथि तथा राष्ट्रीय सेवा भारती के संयुक्त महामंत्री विजय पौराणिक मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। सेवा भारती के विभाग अध्यक्ष शिवमंगल सिंह भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

डॉ. निकिता साकी ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से पिछले तीन वर्षों के आंकड़े प्रस्तुत किए और इस वर्ष सुपोषण के क्षेत्र में किए गए कार्यों की जानकारी दी। सेवा भारती भोपाल महानगर के मीडिया प्रभारी भगवान दास ढालिया ने बताया कि भोपाल महानगर के स्कूल, कॉलेज, छात्रावास, कॉर्पोरेट कैंपस और सेवा बस्तियों में कुल 880 सुपोषण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनके माध्यम से 1,08,998 लोगों तक सुपोषण और स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता का संदेश पहुंचाया गया।

# शिक्षक पात्रता परीक्षा के आवेदन की तारीख फिर बढ़ेगी, ऑफलाइन होगी परीक्षा

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्य प्रदेश में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तहत होने वाली शिक्षक पात्रता परीक्षा के ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि एक बार फिर बढ़ाई जाएगी। आवेदन की अवधि एक सप्ताह या 15 दिन बढ़ाने पर फैसला अगले एक-दो दिनों में होने की संभावना है।

परीक्षा को लेकर यह तय किया गया है कि आवेदन करने वाले शिक्षकों की संख्या के आधार पर परीक्षा केंद्र निर्धारित किए जाएंगे। परीक्षा अब पूरी तरह ऑफलाइन होगी और वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के माध्यम से अभ्यर्थियों का मूल्यांकन किया जाएगा। शिक्षकों को यथासंभव कम दूरी वाले परीक्षा केंद्र उपलब्ध कराने की तैयारी है।

माध्यमिक शिक्षा मंडल को शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए परीक्षा एजेंसी बनाए जाने के सरकार के फैसले के बाद मंडल ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। जल्द ही परीक्षा कराने की योजना तैयार कर प्रश्नपत्रों की छपाई की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

## आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम 26 से

**नप्र, भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर के अवसर पर प्रदेश में एक माह तक सेवा संकल्प अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। 26 सितंबर से 5 अक्टूबर तक आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम होगा। इसका उद्देश्य महिलाओं और बच्चों के कल्याण एवं सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के कार्यकाल में महिलाओं के जीवन में बदलाव आया है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की गई हैं। प्रदेश सरकार महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

# आंगनवाड़ी और प्राथमिक विद्यालयों में सिकल सेल स्क्रीनिंग कैंप लगाने के निर्देश

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने बुधवार को लोकभवन में राष्ट्रीय सिकल सेल उन्मूलन 2047 और राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा बैठक में आंगनवाड़ी केंद्रों और प्राथमिक विद्यालयों में स्क्रीनिंग कैंप लगाने के निर्देश दिए।



उन्होंने बच्चों की सिकल सेल जांच को प्राथमिकता देने और रोगों की जागरूकता के प्रयासों में विद्यार्थियों को जोड़ने पर जोर दिया। राज्यपाल ने कहा कि सिकल सेल और क्षय रोग उन्मूलन के लिए जनप्रतिनिधियों का सहयोग लिया जाए। विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को सिकल मित्र बनने के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने क्षय रोगियों द्वारा नियमित दवा सेवन की निगरानी की आवश्यकता भी बताई। उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने बताया कि प्रदेश में एक करोड़ 34 लाख लोगों की सिकल सेल स्क्रीनिंग हो चुकी है और 92 प्रतिशत लोगों को जेनेटिक कार्ड वितरित किए गए हैं। सिकल मित्र पहल के तहत 4,825 सिकल मित्र बनाए गए हैं। प्रदेश में टीबी रोगियों के ठीक होने की दर 89 प्रतिशत हो गई है।

आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार ने बताया कि 30 हजार से अधिक सिकल सेल रोगियों को घर-घर जाकर दवाएं वितरित की जा रही हैं। सिकल मित्र बनाने के लिए महाविद्यालयों के विद्यार्थियों और राष्ट्रीय सेवा योजना के सदस्यों को प्रेरित किया जाएगा।


## संचालनालय लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मध्यप्रदेश
### (जे.पी. चिकित्सालय परिसर, न्यू भवन, भोपाल)

E-mail: fw.dhs@mp.gov.in

कमांक/3/प.क./सेल-1/2026/424 भोपाल, दिनांक 10/9/2026

### संशोधन

मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल, भोपाल द्वारा संयुक्त भर्ती परीक्षा वर्ष 2024 के समूह-5 के अंतर्गत पद महिला बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता, (ए.एन.एम.-तृतीय श्रेणी) के परीक्षा परिणाम घोषित किये गये है, तसंबंध में महिला बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता, (ए.एन.एम.-तृतीय श्रेणी) के शेष रिक्त पदों की पूर्ति हेतु काउंसलिंग प्रक्रिया दिनांक 11.09.2026 से 17.09.2026 तक प्रारंभ की जा रही है।

मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल, भोपाल द्वारा संयुक्त भर्ती परीक्षा वर्ष 2024 के समूह-5 के अंतर्गत पद महिला बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता, (ए.एन.एम.-तृतीय श्रेणी) के परीक्षा परिणाम में चयनित मेरिट सूची के अभ्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि काउंसलिंग प्रक्रिया से संबंधित मैसेज अथवा जानकारी अभ्यार्थियों द्वारा मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल, भोपाल को प्रदाय किये गये मोबाईल नम्बर एवं ई-मेल पर ही प्रदाय की जावेगी।

इसके अतिरिक्त अभ्यथियों के संबंध में काउंसलिंग से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश स्वास्थ्य विभाग की वेबसाईड health.mp.gov.in पर देखें।

**अपर संचालक**
**लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग**

जी-18674/26



## जाहिर सूचना

**भूमि खसरा क 751/2/1/1 एवं 751/1/1 कुल रकबा 0. 2887 हेक्टेयर, स्थित ग्राम बरखेडा सालम, तह. हुजूर, प.ह.न. 56, विकास खण्ड फन्दा, भोपाल, म.प्र के संबंध में।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार एवं विक्रेता श्री नर्वदा प्रसाद आत्मज मूलचन्द सिंगरोली, निवासी ग्राम बरखेडा सालम तह. हुजूर, भोपाल, म.प्र. के स्वामित्व की भूमि खसरा कं. 751/2/1/1 रकबा 0.737 हेक्टयर 751/1/1 रकबा 0.2150 हेक्टयर कुल रकबा 0.2887 हेक्टेयर, स्थित ग्राम बरखेडा सालम, तह. हुजूर, प.ह.न. 56, विकास खण्ड फन्दा, भोपाल, म.प्र को विक्रय करने हेतु सहमति बनी है। यदि उक्त सम्पत्ति या उसके किसी भाग पर किसी भी अन्य व्यक्ति का कोई स्वत्व, स्वामित्व, आधिपत्य, विक्रय अनुबंध, विक्रय पत्र, बंधक, अंतरण अथवा कोई हित हो तो वह मुझे 7 दिवस के भीतर लिखित दस्तावेजों सहित मेरे कार्यालय में आपत्ति प्रस्तुत करे। यदि उक्त अवधि में मुझे कोई लिखित आपत्ति प्राप्त नहीं हुई तो श्री नर्वदा प्रसाद द्वारा उक्त सम्पत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन मेरे पक्षकार के पक्ष में करवा दिया जावेगा। ऐसी स्थिति में बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**करूण सक्सेना, अधिवक्ता**
**कार्यालय बी-35, मन्नीपुरम, चार इमली, भोपाल, म.प्र.**
**मो.न. 9826283922, 9755964858**

1656



## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं Yusuf Sheikh पिता Rubaika Sheikh निवासी 101, ए-ब्लॉक, रिगालिया हाईट कोहेफिजा भोपाल 462001 (मध्य प्रदेश), मैं घोषणा करता हूं कि मेरी पुत्री का पुराना नाम Rubeka Sheikh था जो कि उसके पुराने पासपोर्ट पर लिखा है। अब मेरी पुत्री का नाम बदलकर Rubaika Sheikh रख लिया है। जो अन्य दस्तावेजों में उसका नया नाम Rubaika Sheikh लिखा है। अब मेरी पुत्री को इसी नए नाम Rubaika Sheikh D/O Yusuf Sheikh नाम से जाना व पहचाना जाए।

1655



## कार्यालय
## प्राचार्य परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र (अनुसूचित जाति) 35, श्यामला हिल्स भोपाल

E-mail:petcsc.bpl@gmail.com Phone 0755-2666615

पत्र /प्रशि/न.स-36/2026-27/301 भोपाल दिनांक 10/9/26

### सब इंस्पेक्टर हेतु नि:शुल्क प्रशिक्षण

कार्यालय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र श्यामला हिल्स, भोपाल में अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए सब इंस्पेक्टर परीक्षा-2026 हेतु नि:शुल्क Crash course दिनांक 21/09/2026 से एक माह की अवधि का प्रारंभ किया जा रहा है। संस्थान में प्रवेश हेतु अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग के इच्छुक अभ्यर्थी संस्थान में व्यक्तिगत रूप से आकर या केन्द्र के दूरभाष क्रमांक 0755-2666615 व ई-मेल petcsc.bpl@gmail.com पर कार्यालयीन दिवस व कार्यालयीन समय में सम्पर्क कर प्रवेश ले सकते है ।

**(पी. के. पाण्डेय)**
**प्राचार्य परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र भोपाल म.प्र.**

जी-18688/26



## कार्यालय नगर पालिक निगम,भोपाल वीर सावरकर जोन-04 (मंगलवारा)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम भोपाल ज़ोन क्रमांक-04 के वार्ड क्रमांक-18 में स्थित नादरा बस स्टेण्ड सुलभ शौचालय के पास (L000005369-L000005370-L000005371) का नामांतरण किये जाने हेतु विज्ञप्ति प्रकाशन किया जाना है जिनके नामों का विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. | जोन क्र. | वार्ड क्रं. | आवंटी का नाम | स्थान एवं दुकान, भूखण्ड | आकार | नामांतरण हेतु प्रस्तावित नाम | नामांतरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 04 | 18 | श्री मो शरीफ आत्मज श्री अब्दुल सलाम | नादरा बस स्टेण्ड सुलभ शौचालय के पास | 112.5 वर्गफीट | श्रीमती अरफा खान पिता/पति श्री अशरफ उल्ला खान | आवेदन पत्र, एवं रजिस्ट्री |
| 1 | 04 | 18 | श्री असलम आत्मज श्री अब्दुल सलाम | नादरा बस स्टेण्ड सुलभ शौचालय के पास | 100 वर्गफीट | श्रीमती अरफा खान पिता/पति श्री अशरफ उल्ला खान | आवेदन पत्र, एवं रजिस्ट्री |
| 1 | 04 | 18 | श्री मो शरीफ एवं श्री असलम आत्मज अब्दुल सलाम | नादरा बस स्टेण्ड सुलभ शौचालय के पास | 150 वर्गफीट | श्रीमती अरफा खान पिता/पति श्री अशरफ उल्ला खान | आवेदन पत्र, एवं रजिस्ट्री |

उपरोक्त दुकान के नामांतरण पर किसी भी व्यक्ति /बैंक/ संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो, सूचना पत्र के 15 दिवस के भीतर ज़ोन कार्यालय क्रं.04 वार्ड क्रं. 18 के, कार्यालय में शपथ पत्र मय साक्ष्य के प्रस्तुत करें । नियत समयावधि में यदि कोई आपत्ति प्राप्त नही होती है तो यह माना जावेगा कि किसी को कोई आपत्ति नही है और प्रकरण में विधिवत नामांतरण हेतु कार्यावाही कर दी जावेगी ।

**जोनल अधिकारी**
**जोन क्र.04 नगर निगम, भोपाल**

सू. क्र. 727/026/027



## M.P. POWER GENERATING COMPANY LTD.
OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER (P&W), A.T.P.S., CHACHAI
Phone : 07659-299469, Email : sepnwatps23@gmail.com, Mobile No. : 9425808855

No. 001-04/P&W/NIT/1706 Chachai, dtd. : 11.09.2026

### NOTICE INVITING TENDER "Through E-tendering only"

M.P. Power Generating Co. Ltd. Invites electronic tenders from experienced contractors/vendors for the works/supplies as detailed below for ATPS, MPPGCL, Chachai:-

| Tender-ID | Tender Particulars | Estimate Cost (Rs.) | Tender Cost (in Rs.) | BID SUBMISSION END DATE & TIME | Date & Time of Opening of E-tender |
|---|---|---|---|---|---|
| MPPGCL Tender No.- 2026_MPPGC_526128 | Supply, installation and commissioning of 01 No. VFD with all related EPC works for 6.6KV, CEP motors installed at 210 MW ATPS MPPGCL Chachai. | 23895944/- | 5000/- | Dtd. 28.09.2026 Upto 15.00 hrs | Dtd. 30.09.2026 from 15:30 hrs. onwards |
| MPPGCL Tender No.- 2026_MPPGC_513512_3 | Work contract for dismantling from old exchange room and shifting to new exchange room of new ECR building and erection, installation, testing and commissioning of BPL make 500 line exchange EPABX model from new ECR building (new exchange room) to old exchange | 1360540/- | 1000/- | Dtd. 21.09.2026 Upto 15.00 hrs | Dtd. 24.09.2026 from 15:30 hrs. onwards |
| MPPGCL Tender No.- 2026_MPPGC_530229 | Work contract for regular engagement of operator of gates at various crossing along railway track from ATPS MPPGCL Chachai. | 9843650/- | 2000/- | Dtd. 06.10.2026 Upto 15.00 hrs | Dtd. 09.10.2026 from 15:30 hrs. onwards |
| MPPGCL Tender No.- 2026_MPPGC_532033 | Procurement of Light weight wheel skate trolley for broad gauge for ATPS MPPGCL Chachai. | 1168495/- | 1000/- | Dtd. 05.10.2026 Upto 15.00 hrs | Dtd. 07.10.2026 from 15:30 hrs. onwards |
| MPPGCL Tender No.- 2026_MPPGC_526104 | Procurement of Laptops, Desktops, UPS & printers for construction office 1x660 MW Ultra Supercritical unit at ATPS MPPGCL Chachai. | 1468641/- | 1000/- | Dtd. 05.10.2026 Upto 15.00 hrs | Dtd. 07.10.2026 from 15:30 hrs. onwards |
| MPPGCL Tender No.- 2026_MPPGC_519141 | Biennial work contract for round the clock routine/preventive/breakdown/emergency minor maintenance of electrical system and motors of CHP 210 MW ATPS MPPGCL Chachai | 7906571/- | 2000/- | Dtd. 28.09.2026 Upto 15.00 hrs | Dtd. 01.10.2026 from 15:30 hrs. onwards |

**Note :-** For details please visit the website **www.mptenders.gov.in** for any change in specification/technical data please visit regularly website **www.mptenders.gov.in,** any addendum/corrigendum shall not be published in newspaper.

M.P. Madhyam/128074/2026 **SUPERINTENDING ENGINEER (P&W)**